हरिभूमि की खबर के बाद जागा प्रशासन वार्डों में रोज कराई जा रही है फॉगिंग




## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 7191.2 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 01 जून से अब तक 7191.2 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 05 अगस्त तक की स्थिति में 5736.6 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 29.3 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 768.6 मिमी, मनोरा में 918.7 मिमी, कुनकुरी में 1034.5 मिमी, दुलदुला में 431.3 मिमी, फरसाबहार में 592.5 मिमी, बगीचा में 752.0 मिमी, कांसाबेल में 687.9 मिमी, पत्थलगांव में 638.1 मिमी, सन्ना में 843.4 मिमी एवं बागबहार में 524.2 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई।

### जनहानि के मामले में 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आर.बी.सी. 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। कुनकुरी तहसील अंतर्गत ग्राम गड़ाकटा निवासी स्व. अमित लकड़ा का तालाब के पानी में डुबने से 09 अक्टूबर 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके माता अनिशा लकड़ा हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### चोरों ने अस्पताल के सामने से पार किया दो बाइक

**अम्बिकापुर।** चोरों ने निजी व मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सामने से दो बाइक को पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम खैरबाद लौंगापानी निवासी विकास तिर्की आ. राजेन्द्र तिर्की (24 वर्ष) रविवार को भांजी का तबियत खराब होने पर उसे बाइक क्रमांक सीजी 15 डीबी 6913 से पुराना बस स्टैंड स्थित निजी अस्पताल गया था। युवक बाइक को अस्पताल के सामने खड़ा इलाज कराने चला गया। दोपहर को बाहर निकला तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। युवक ने काफी खोजबीन की लेकिन बाइक का कहीं पता नहीं चला। सीसीटीवी कैमरा मे दोपहर 1 बजे अज्ञात व्यक्ति बाइक चोरी कर ले जाते नजर आया। युवक ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। इसी प्रकार दूसरी घटना में गंगापुर खुर्द निवासी विनय आनन्द्र कुजूर आ. स्व. विश्राम कुजूर (35 वर्ष) 1 अगस्त की शाम भाई गंगाराम को इलाज कराने बाइक क्रमांक सीजी 15 डीवाई 2496 से मेंडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर आया और बाइक को पार्किंग में खड़ा कर उपचार कराने चला गया। कुछ समय बाद बाहर निकला तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट मणिपुर थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज तलाश शुरू कर दी।

### ससुर को जिंदा जलाने वाले दामाद को आजीवन कारावास

**अम्बिकापुर।** शराब के लिए पैसे नहीं देने पर अपने ससुर को जिंदा जलाने वाले दामाद को जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायाधीश ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायाधीश मनीष कुमार दुबे ने ससुर की जघन्य हत्या के मामले में आरोपी धनसाय कोरवा को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। ग्राम दोरना निवासी मृतक दशरू कोरवा को शासन द्वारा पीएम आवास की राशि स्वीकृति की गई थी। इसकी जानकारी मिलने के बाद आरोपी दामाद धनसाय उस पर शराब के लिए राशि देने का दबाव दे रहा था। ससुर द्वारा पैसे देने से इंकार करने पर आरोपी ने 4 सितम्बर 2024 को ज्वलनशील पदार्थ डालकर उसे जिंदा आग के हवाले कर दिया। गंभीर रूप से झुलसे दशरू को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 51 लाख की अवैध अंग्रेजी शराब जब्त, राजस्थान का तस्कर गिरफ्तार

*जशपुरनगर। जिले में अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे "ऑपरेशन आघात" के तहत जशपुर पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने राजस्थान से शराब की तस्करी कर रहे एक ट्रक को ग्राम आगडीह के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर घेराबंदी कर रोका और जब उसकी तलाशी ली, तो 734 कार्टून में भरी कुल 6588 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई, जिसकी बाजार कीमत लगभग ₹51 लाख आँकी गई है। पुलिस ने शराब से लदे ट्रक (यूपी 12ए टी 1845) को भी जप्त करते हुए चालक को हिरासत में लिया है।*



थाने में डंप कराई गई शराब।

### तस्करी का विशेष रूट, टोल-नाका से बचाव की रणनीति

तस्करों द्वारा शराब की तस्करी के लिए हिमाचल प्रदेश, लखनऊ, अंबिकापुर, जशपुर होते हुए रांची का मार्ग चुना जाता है ताकि टोल नाके और पुलिस जांच की संख्या कम हो। इस बार भी यही रणनीति अपनाई गई थी, परंतु जशपुर पुलिस की तत्परता और मुखबिर तंत्र ने इस प्रयास को विफल कर दिया।

### बड़े अंतरराज्यीय सिंडिकेट की संलिप्तता की आशंका

पुलिस को आशंका है कि इस तस्करी के पीछे एक बड़ा अंतरराज्यीय शराब माफिया गिरोह सक्रिय है, जो ड्राइवरों को महज ट्रांसपोर्ट का माध्यम बनाकर मालिक व गंतव्य से पूरी तरह अनजान रखते हैं। इसी मॉडल पर फरवरी 2025 में भी जशपुर पुलिस ने दो ट्रकों से करीब 14025 लीटर (1574 पेटी) अवैध शराब पकड़ी थी, जिसकी अनुमानित कीमत 1 करोड़ रुपये थी। उस समय भी ड्राइवरों को केवल एक निश्चित स्थान से ट्रक ले जाने की जिम्मेदारी दी गई थी।

### ऑपरेशन आघात के तहत लगातार हो रही कार्रवाई

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि ऑपरेशन आघात के तहत लगातार नशे के सौदागरों पर शिकंजा कसा जा रहा है। इस प्रकार की तस्करी में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। मामले में अंतरराज्यीय सिंडिकेट की जांच जारी है। जल्द ही इनके नेटवर्क को तोड़ा जाएगा



घेराबंदी कर रोके गए ट्रक से बरामद हुई शराब।




पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### तस्कर गिरफ्तार, पूछताछ में हुआ खुलासा

गिरफ्तार ट्रक चालक की पहचान चिमा राम (26 वर्ष), निवासी थाना बायतु, जिला बाड़मेर (राजस्थान) के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में उसने बताया कि वह यह ट्रक चंडीगढ़ (पंजाब) से रांची (झारखंड) ले जा रहा था, जहाँ से एक अन्य व्यक्ति द्वारा ट्रक को बिहार ले जाया जाना था। आरोपी ने यह भी बताया कि उसे इस काम के लिए ₹45,000 दिए गए थे और उसे यह जानकारी नहीं थी कि ट्रक में क्या सामान लदा है।

### सक्रिय मुखबिर तंत्र से मिली सूचना, तत्काल कार्रवाई

पुलिस को सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध ट्रक अवैध शराब के साथ जशपुर क्षेत्र से गुजरने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम आगडीह के पास नाकेबंदी कर संदिग्ध ट्रकों की चेकिंग शुरू की। इसी दौरान उक्त ट्रक आते हुए देखा गया, जिसे रोककर तलाशी ली गई। जांच में अंग्रेजी शराब से भरे 734 कार्टून मिले।

### पुलिस ने दर्ज किया मामला, आरोपी भेजा गया जेल

थाना सिटी कोतवाली जशपुर में आरोपी के खिलाफ 34(1)(क), 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी चिमा राम को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी आशीष कुमार तिवारी, सहायक उप निरीक्षक एसन पाल, प्रधान आरक्षक नवीन दत्त तिवारी, आरक्षक उपेन्द्र सिंह और नगर सैनिक थानेश्वर देशमुख की अहम भूमिका रही।

कलेक्टर ने जनपद पंचायतों के कार्यों की समीक्षा की

# पीएम आवास में गड़बड़ी करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : व्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में सभी जनपद पंचायतों के कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने पीएम आवास योजना के अंतर्गत आवास निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यों को तीव्र गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कुछ क्षेत्रों में पीएम आवास के संबंध में आ रही शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए सभी की जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विकासखंडों में अधिकारियों को जियो टैगिंग एवं अन्य जानकारियों की जांच कर योजना में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण सचिवालयों में सभी नोडल अधिकारियों द्वारा किये गए निरीक्षणों की



जनपद पंचायत के अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

जानकारी लेते हुए सचिवालयों के संबंध में प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय में निराकरण कराने को निर्देशित किया।

पीएम जनमन योजना के अंतर्गत आवास निर्माण का जायजा लेते हुए अक्टूबर तक निर्माण कार्यों को पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर ने राष्ट्रीय आजीविका मिशन अंतर्गत समूह गठन, एमआईएस, आरएफ, क्रेडिट लिंकेज, मुद्रा लिंकेज की स्थिति का जायजा लेते हुए मुद्रा लिंकेज एवं क्रेडिट लिंकेज में आवेदनों की स्वीकृति में आ रही समस्याओं का बैंक मैनेजरों के साथ मिलकर निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों के द्वारा भुगतान की स्थिति का जायज़ा लेते हुए अधिक से अधिक प्रचार कर लोगों को इसकी जानकारी प्रदान करने एवं भुगतान की संख्या में वृद्धि कर नियमित संचालन के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत सामुदायिक शौचालयों एवं सेग्रिगेशन शेड के निर्माण कार्यों की स्थिति का जायज़ा लेते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक ग्राम स्तर पर घरेलू कचरे के डोर टू डोर कलेक्शन को प्रारम्भ कराने के लिए स्वसहायता समूहों की स्वच्छाग्रही दीदियों को प्रशिक्षण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने मनरेगा अंतर्गत कार्यों में समय पर भुगतान एवं सोशल ऑडिट की भी जानकारी ली। उन्होंने समाज कल्याण विभाग अंतर्गत डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट के जारी करने हेतु चलाये जा रहे अभियान की भी समीक्षा की। इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, सभी जनपद पंचायतों के सीईओ सहित पंचायतों में संचालित विभिन्न योजना के अधिकारी उपस्थित रहे।

गांव में मचा हड़कंप

# युवक ने अपने ही घर में लगा दी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के उपरकछार पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम अबीरा में सोमवार को एक सनसनीखेज घटना हुई। प्याज नहीं मिलने से नाराज एक युवक ने शराब के नशे में अपने ही दो मकानों में आग लगा दी।

जानकारी के अनुसार गणेश साय नामक युवक दोपहर करीब 12 बजे शराब के नशे में मछली पका रहा था। इस दौरान प्याज नहीं मिलने पर वह उग्र हो गया और गुस्से में अपने दोनों घरों को आग के हवाले कर दिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और घर में रखे करीब 40 हजार रूपए नगद सहित सभी घरेलू समान जलकर राख हो गए। घटना के बाद गांव में अफरा तफरी मच गई। सरपंच ने तुरंत फायर बिग्रेड को सूचना दी, जिसके बाद दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। ग्रामीणों ने बताया कि गणेश साय शराब का आदी है और अक्सर माता पिता से विवाद करता रहता है। एक दिन पहले भी उसने नशे में परिजनों के साथ मारपीट की थी। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। घटना के बाद से गांव में दशहत का माहौल है और पुलिस मामले की गंभीर जांच में जुटी है।

जन्माष्टमी एवं प्रतियोगिता की तैयारी को लेकर हुई बैठक

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव : मटकी फोड़ प्रतियोगिता 17 अगस्त को

**जशपुरनगर।** श्री बालाजी जनकल्याण समिति द्वारा 16 और 17 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव आयोजन हेतु तैयारियॉं जोरों से किया जा रहा है। इसी तारतम्य में श्री बालाजी मंदिर में समिति के अध्यक्ष मनोज रमांकत मिश्र की अध्यक्षता एवं मटकी फोड़ प्रतियोगिता के विशेष मार्गदर्शक संजय अग्रवाल और सुबोध गुप्ता की उपस्थिति में बैठक हुई। बैठक में अध्यक्ष श्री मिश्र ने बताया कि इस बार बड़े स्तर पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव और प्रतियोगिता का आयोजन होगा। प्रतिवर्ष की भॉंति श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव 16 अगस्त को श्री बालाजी मंदिर में भजन संध्या के साथ प्रारंभ होगा और मटकी फोड़ प्रतियोगिता 17 अगस्त को जिला मुख्यालय के रणजीता स्टेडियम में दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा। बैठक में चर्चा उपरांत प्रतियोगिता में टीमों के पंजीयन, कार्यक्रम के रूपरेखा सहित अन्य बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा किया गया और समिति के सभी सदस्यों को अपनी-अपनी जिम्मेवारी सौंपी गई।



# घर-घर तिरंगा फहराकर राष्ट्रव्यापी जनभागीदारी आंदोलन का बनें हिस्सा

**जशपुरनगर।** भारत सरकार द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'हर घर तिरंगा अभियान' का आयोजन किया जा रहा है।

2 अगस्त से इस अभियान की शुरुआत हुई है, जो 15 अगस्त तक पूरे देश भर में चलाया जाएगा। हर घर तिरंगा अभियान 2025 की शुरुआत स्वतंत्रता सेनानी एवं तिरंगे के प्रारंभिक स्वरूप के डिजाइनर स्वर्गीय पिंगली वेंकैया की जयंती 2 अगस्त के दिन उनके योगदान को स्मरण करते हुए की गई है। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत सभी भारतीय नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने घरों में तिरंगा फहराकर तिरंगे के साथ अपनी फोटो अपलोड करें। भारत सरकार की ओर से उन्हें एक ऑनलाइन सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिंगली वेंकैया जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि तिरंगे के निर्माण में उनका योगदान को सदैव याद किया जाता रहेगा।

# हाथी से जनहानि के मामले में सहायता राशि प्रदत्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

वनमण्डलाधिकारी के निर्देशानुसार वन विभाग एवं आर.आर.टी. की टीम द्वारा हाथी प्रभावित क्षेत्रों के आस-पास के ग्रामों में हाथी होने की सूचना के लिए निरंतर मुनादि कराई जा रही है साथ ही जंगल की ओर निस्तार एवं अन्य प्रयोजन हेतु न जाने की समझाईश भी दी जा रही है। विभाग द्वारा हाथी द्वंद से जनहानि मामलों में भी त्वरित कार्यवाही करते हुए परिजनों को तत्कालिक सहायता राशि प्रदाय किया जा रहा है। इसी कड़ी में सन्ना तहसील के डुमरपाठ निवासी रमेश यादव का हाथी हमले से मृत हो जाने पर उनके परिजन हेतु तत्काल सहायता राशि प्रदाय किया गया।

- प्रभावित क्षेत्रों में हाथी होने की निरंतर दी जा रही सूचना
- लोगों को जंगल की ओर नहीं जाने की दी जा रही समझाइश

वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जशपुर वनमण्डल अन्तर्गत बगीचा परिक्षेत्र के परिसर रेंगले के कक्ष क्रमांक पी 1331 एवं पी 1332 में रमेश यादव डुमरपाठ तहसील-सन्ना एवं अन्य 6 साथियों के साथ 3 अगस्त 2025 को लगभग 2.00 बजे छिपकर हाथी को देखने का प्रयास किया गया,कि अचानक विचरण कर रहे हाथियों का दल से सामना हो जाने के कारण सभी लोग भागने का प्रयास किये। जिसमें से 6 लोग मौका स्थल से भागने में सफल हो गये। किन्तु रमेश यादव वापस नहीं आया। मौका स्थल से वापस आये साथियों के द्वारा 3 अगस्त को वन विभाग के अमलों एवं ग्रामवासियों को श्री रमेश यादव के वापस न आने की सूचना दी गई। जिस पर वन विभाग की टीम त्वरित कार्यवाही करते हुए पतासाजी करते हुए 4 अगस्त 2025 को प्रातः6.30 बजे दूजा राम नगेसिया, साकिन गुरम्हाकोना, ग्राम पंचायत गुरम्हाकोना के निजी भूमि पर रमेश यादव का मृत शरीर पाया गया। तत्पश्चात मृतक का शव परीक्षण कराने की कार्यवाही किया जाकर मृतक की पत्नी श्रीमती चिंता यादव को तत्कालिक सहायता राशि रूपये 25 हजार प्रदाय किया गया।

कलेक्टर ने की एनकोर्ड के कार्यों की समीक्षा

# अवैध मादक द्रव्यों के विक्रय के विरुद्ध की जाए कार्रवाई : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन सेंटर (एनकोर्ड) के कार्यों की समीक्षा हेतु कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभाकक्ष में मंगलवार को बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह, एडीएम प्रदीप कुमार साहू, एएसपी अनिल सोनी, सभी एसडीएम, एसडीओपी सहित स्वास्थ्य विभाग, आबकारी विभाग, पुलिस विभाग, यातायात विभाग, परिवहन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। इस बैठक में कलेक्टर ने जिले में कोटपा एक्ट के तहत की गयी कार्यवाहियों की जानकारी ली, इसके साथ ही एनडीपीएस एक्ट के तहत की गई कार्यवाहियों की समीक्षा की। उन्होंने पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत अवैध



अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

मादक पदार्थों के व्यापार में संलिप्त आदतन अपराधियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जिले में तस्कर एवं विदेशी मुद्रा छल साधक (संपत्ति संपहरण) अधिनियम (सफेमा) के तहत कार्यवाही करने के लिए पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने पुलिस विभाग, औषधि प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को संयुक्त दल बनाकर अवैध मादक द्रव्यों के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने हेतु कार्रवाई कर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी मेडिकल स्टोरों के संचालकों के साथ एसडीएमों को बैठक लेकर उन्हें बिना पर्ची अनुसूचित दवाइयां ना विक्रय करने, बच्चों को मादक द्रव्यों का विक्रय ना करने, मेडिकल स्टोरों में फार्मेसी में शिक्षा प्राप्त व्यक्ति अवश्य नियुक्त करने तथा सीसीटीव्ही लगाया जाना सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सभी एसडीएमों को आकस्मिक रूप से मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण कर सीसीटीवी स्थापना एवं सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही 2 स्थानों पर मेडिकल दुकानों में मानकों का पालन न करने पर हुई कार्रवाई की भी जानकारी ली।

उन्होंने नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शपथ कार्यक्रम के तहत सभी स्कूलों, कालेज, शिक्षण संस्थानों के साथ साथ ग्राम सभाओं में लोगों को नशामुक्ति के लिए प्रेरित करते हुए शपथ दिलाने को कहा। उन्होंने नशामुक्ति के लिए अभियान की फ़ोटो अपलोड कर लोगों को डिजिटल सर्टिफिकेट प्रदान करने को कहा।

# गोदाम से एक टन कबाड़ जब्त, चोरी का सामान होने की संभावना पर कार्रवाई

**अम्बिकापुर।** अवैध रूप से कबाड़ का कारोबार करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। मणिपुर पुलिस ने गोदाम से लगभग एक टन कबाड़ जब्त किया है। बता दें कि एसएसपी राजेश अग्रवाल ने कबाड़ के अवैध कारोबार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए है जिसके तहत विभिन्न कबाड़ गोदामों की जांच चल रही है। इस बीच मणिपुर पुलिस ने ट्रांसपोर्ट नगर के बहेरापारा में संचालक 59 वर्षीय राधेश्याम माली आ. सवा. अर्जुन भगत माली के गोदाम की जांच की। जांच के दौरान गोदाम में स्कूटी का चक्का रिंग सहित पुराना 6 नग, मोटर सायकल चक्का रिंग सहित पुराना 9 नग, इंजन टाटा कंपनी बस का बंद टूटा हुआ पुराना कबाड़ 1 नग, बोलेरो का बंद इंजन पुराना कबाड़ 1 नग, स्टेयरिंग पुराना 1 नग, बड़ी वाहन का टायर डिस्क 2 नग, छोटी वाहन का डिफेन्सर पीछे का 1 नग, मोटर सायकल का सामने का शाकप एक जोडी, पानी टंकी लोहे का पुराना 1 नग, गैस टंकी पुराना 1 नग, छोटी बड़ी वाहनों का लोहे का टूटा फूटा कबाड मिला बरामद किया।

## खबर संक्षेप



### ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल में मना ग्रीन डे सेलिब्रेशन

**अम्बिकापुर।** ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल में ग्रीन डे हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भागीदारी की। कार्यक्रम की थीम के अनुसार सभी ग्रीन ड्रेस में स्कूल पहुंचे थे। कार्यक्रम में सीनियर विंग के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। मेहंदी प्रतियोगिताओं में क्रीति गुप्ता, अलफिया नूरी, साजिया एवं सौम्या सिंह वहीं राखी मेकिंग प्रतियोगिता में प्रियांशी अग्रवाल एवं दीप्ति मिश्रा उत्कृष्ट रही। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में असिफा फिरदौसी ने प्रथम एवं प्रसुका द्विवेदी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। थाली डेकोरेशन प्रतियोगिता में रौनक परवीन प्रथम तथा दीप्ति मिश्रा द्वितीय स्थान पर रही। पॉट मेकिंग प्रतियोगिता में अदिति मिश्रा एवं अपेक्षा राजवाड़े वहीं ज्वेलरी डिलाईनिंग प्रतियोगिता में सृष्टि अग्रवाल तथा शिक्षा चटर्जी ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उप प्राचार्य तहसीन अहमद खान ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी तथा कहा कि ग्रीन डे का उद्देश्य न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना है, बल्कि विद्यार्थियों में पेड़-पौधों और हरियाली के प्रति संवेदनशीलता को भी विकसित करना है। विद्यालय का यह प्रयास न केवल एक उत्सव था बल्कि एक स्वस्थ और हरा-भरा भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाने की प्रेरणा थी।

### लवकुश जयंती को लेकर कुशवाहा समाज की बैठक



**भैयाथान।** कुशवाहा समाज द्वारा भगवान कुश की जयंती धूमधाम से 14 अगस्त को सूरजपुर स्थित हीरालाल साधुराम सेवा कुंज में मनाई जाएगी। कुशवाहा युवा एकता सेवा कल्याण मंच व कोइरी कुशवाहा समाज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होने वाले समारोह की तैयारियां जोरों पर है। अभी तक 10 से अधिक गांवों में बैठकें हो चुकी है। इस कड़ी में करौंदामुड़ा में बैठक हुई जिसमें समारोह की रूपरेखा तय की गई सदस्यों से सुबह 9 बजे कार्यक्रम स्थल पर सपरिवार उपस्थित होने के लिए कहा गया।

## बाजार में 5 रुपए से लेकर 5 सौ तक की हैं राखियां

# रक्षाबंधन के लिए शहर में सजी राखी की दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भाई-बहन के अटूट बंधन का पर्व रक्षाबंधन 9 अगस्त को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। रक्षा बंधन पर्व को लेकर बाजार में दुकानें सज चुकी है जहां बड़ी संख्या में लोग खरीदारी करने पहुंच रहे है। बाजार में खरीदारी करने के लिए अब लोगों की भीड़ बढ़ने लगी है जिससे ग्राहकों के आने से बाजार में रौनक आ गई है। व्यापारियों ने पिछले साल की अपेक्षा इस वर्ष पहले से ही विभिन्न वैरायटी के आकर्षक राखियां का स्टॉक मंगा कर रखा है।

**खास बात**

- बाजार में रौनक, खरीदारी करने उमड़ी लोगों की भीड़



राखी की खरीददारी करते करते लोग।

राखी पर्व को लेकर शहर के स्कूल रोड, देवीगंज रोड़, घड़ी चौक, दुर्गा बाड़ी के अलावा मुख्य मार्ग किनारे कई जगह बड़ी संख्या में राखी दुकान लगाई गई है जहां बड़ी संख्या में बहनों की भीड़ राखी लेने पहुंच रही है। हालांकि कुछ दिन पूर्व दुकानों में गिने चुने ही ग्राहक आ रहे थे परंतु जैसे ही रक्षा बंधन का त्यौहार नजदीक आ रहा है वैसे ही दुकानों में भीड़ उमड़ने लगी है। इधर भाई की कलाई में कौन सी राखी अच्छी लगेगी इसके लिए बहने काफी समय दुकान में राखियां पसंद करते नजर आते है। दुकान संचालकों ने बताया कि राखियों की कीमतों में कुछ ज्यादा फर्क नहीं आया है। हालांकि कुछ नई फैशन की राखियों कीमते बढ़ी है। दुकान में 5 रुपए से लेकर 5 सौ रूपए तक की राखियां है जबकि ज्वेलर्स दुकान में एक हजार तक की राखियां मंगाई गई है। दुकान संचालकों के मुताबिक दोपहर में ग्राहकों की भीड़ कम होती है लेकिन शाम के समय ग्राहकों की अच्दी भीड़ होने से बाजार में रौनक आई है। शहर के स्कूल रोड़, देवीगंज रोड में जाम की स्थिति निर्मित होती रही। हालांकि रक्षा बंधन त्यौहार को लेकर यातायात पुलिस की तैनाती की गई है जो यातायात बहाल करने में लगे हुए है। राखी दुकान के अलावा शहर के लगभग सभी कपडा दुकानों में लोग रक्षाबंधन पर्व को लेकर नए परिधान की खरीदी के लिए पहुंच रहे है। दुकान संचालकों ने पर्व को लेकर नए कपड़ों की वैरायटी मंगा रखे है। दुकान में बड़ों की अपेक्षा बच्चों के कपड़े खरीदने में लोग अधिक रुचि ले रहे है।

**लोगों के सेहत से खिलवाड़**

रक्षा बंधन में राखी के अलावा सबसे अधिक बिक्री मिष्ठान की होती है। ऐसे में होटल संचालक सहित अन्य संस्थान के लोग पहले से ही स्टाक जमा कर रखे है। हैरानी की बात यह है की मिष्ठान की अधिक बिक्री होने के बावजूद खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम मिष्ठान की गुणवत्ता व शुद्धता जांचने किसी भी संस्थान की जांच नहीं की। जबकि होटलों के अलावा गुदरी बाजार में भी बड़ी संख्या में मिष्ठान की दुकान सजा रखे है। ऐसे यह कहना गलत नहीं होगा की खाद्य एवं औषधि विभाग द्वारा खुली छूट दे रखी है जो लोगों के सेहत से खिलवाड़ करने में लगे हुए है।

## सूरजपुर डीईओ ने चार निजी स्कूल के प्राचार्यों को भेजा कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने जिले के चार निजी स्कूल प्राचार्यों को शिक्षा गारंटी योजना की राशि में गड़बड़ी के गंभीर आरोपों के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया है।सूत्रों की मानें तो शिक्षा विभाग को यह संदेह है कि कुछ निजी स्कूल के प्राचार्यों ने नोडल प्राचार्य का आईडी व पासवर्ड हैक करके राज्य शासन की शिक्षा गारंटी के प्रतिपूर्ति राशि के पोर्टल में अनाधिकृत रूप से लॉगिन कर पहले ही दावा राशि का सत्यापन कर दिया गया है,इस कृत्य को विभाग ने घोर अनुशासनहीनता व धोखाधड़ी की श्रेणी में माना है। सूरजपुर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से इंडियन पब्लिक हिंदी व अंग्रेजी माध्यम स्कूल मानी,गुरुकुल पब्लिक हिंदी व अंग्रेजी माध्यम स्कूल कुरुवां, ओमकार पब्लिक अंग्रेजी माध्यम स्कूल कोरेया, ज्ञानगंगा पब्लिक अंग्रेजी माध्यम स्कूल कुरुवां के प्राचार्यों को कारण बताओ नोटिस भेजा गया है। इन संस्थाओं पर आरोप है कि उक्त संस्थाओं में 31 जुलाई 2025 को खुले पोर्टल में नोडल प्राचार्य की अनुमति या जानकारी के बिना दावा सत्यापन कर दिया गया है, जिससे राज्य सरकार के राजस्व और पारदर्शिता नीति को नुकसान पहुंचा है। ज्ञात हो कि शासन द्वारा निर्धन विद्यार्थियों की पढ़ाई में मदद के लिए निजी स्कूलों को छात्रवृत्ति व अन्य अनुदान की प्रतिपूर्ति दी जाती है। इसके लिए स्कूलों को ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन देना होता है, जिसका सत्यापन नोडल प्राचार्य के माध्यम से होता है। इस पूरे सिस्टम में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए एक निर्धारित प्रक्रिया है जिसमें किसी अन्य व्यक्ति के लॉगिन आईडी, पासवर्ड से छेड़छाड़ करना साइबर क्राइम के दायरे में आता है। डीईओ सूरजपुर द्वारा जारी नोटिस में उल्लेखित है कि यदि संबंधित स्कूल प्राचार्यों द्वारा कार्यालय में उपस्थित होकर स्पष्ट जवाब नहीं दिया जाता है तो उनकी शिक्षा की गारंटी योजना की प्रतिपूर्ति राशि की फाइलें उच्च कार्यालय को भेजी ही नहीं जाएंगी। ऐसे में कई लाख रुपए की आरटीई सहायता राशि का भुगतान रुक सकता है। प्राप्त जानकारी अनुसार नोडल प्राचार्य के लॉगिन डिटेल्स का दुरुपयोग हुआ है जो कि केवल अनुशासन का उल्लंघन नहीं बल्कि साइबर अपराध भी है।

- नोडल प्राचार्य की पोर्टल आईडी से छेड़छाड़ कर समय से पूर्व दावा राशि सत्यापन करने के लग रहे आरोप

# सफाई के बाद सड़क किनारे छोड़ रहे कचरा, उठाव नहीं होने से लोगों में रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

एक तरफ निकायों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत विशेष सफाई अभियान चलाए जा रहे है तो वहीं दूसरी ओर नगर पंचायत क्षेत्र में सफाई व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। सफाई अभियान में बरती जा रही लापरवाही के कारण जगह जगह कचरे का अम्बार लगा हुआ है। बारिश के समय सड़कों पर फैली गंदगी और जमा

- दुर्गंध और गंदगी से लोगों को उठानी पड़ रही समस्या



कचरे के कारण बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। समय पर कचरा उठाव नहीं होने व साफ सफाई की कमी के कारण लोगों में रोष है। गौरतलब है कि नगर में सफाई अभियान को लेकर बरती जा रही लापरवाही के कारण नगर में कचरे का अंबार लग गया है। जगह जगह कचरा जमा होने व बारिश के कारण दुर्गंध की समस्या बढ़ गई है। नगर में व्याप्त गंदगी की वजह से लोगों के स्वास्थ्य एवं जीवनशैली पर बुरा प्रभाव पड़ने लगा है। सफाई अभियान में बरती जा रही लापरवाही के कारण नगर के कई वार्डो में गंदगी का ढेर लगा हुआ है। सफाईकर्मियों की लापरवाही की वजह से स्वच्छ भारत अभियान के उद्देश्यों पर भी असर पड़ रहा है। इसका प्रमुख कारण यह है कि नपं के कर्मचारी सफाई करने के बाद कचरा उठाने की बजाए उसे एक किनारे छोड़ देते है।

## पुलिस ने अपहृत बालिका को उत्तर प्रदेश से बरामद कर आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रेमनगर

परीक्षा देने गई बालिका के अचानक लापता हो जाने के मामले में जांच कर रही पुलिस टीम ने लखनऊ उत्तर प्रदेश से अपहृत बालिका को बरामद कर आरोपी को किया गिरफ्तार किया है।

- परीक्षा देने गई थी बालिका

पुलिस के मुताबिक प्रेमनगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत निवासी एक व्यक्ति ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि नाबालिग पुत्री घर से परीक्षा देने



गई थी जिसके बाद घर वापस नहीं लौटी। गांव सहित परिचित के यहां काफी खोजबीन करने पर नहीं मिली। परिजन ने अज्ञात द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने की आशंका जताई।





# सारे जहां से अच्छा में भारत पाकिस्तान संघर्ष की झलक

**मुंबई।** प्रतीक गांधी स्टारर जासूसी वेब सीरीज 'सारे जहां से अच्छा' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। सोमवार को यह ट्रेलर नेटफ्लिक्स इंडिया ने रिलीज किया है। इसमें भारत और पाकिस्तान के बीच ड्रामा और परमाणु संघर्ष की झलक दिखाई गई है। 'सारे जहां से अच्छा' 13 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। ट्रेलर में प्रतीक गांधी ने भारत के रॉ एजेंट का किरदार निभाया है। उन्हें भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान में तैनात किया गया है। वह पाकिस्तान में होने वाली परमाणु गतिविधि को रोकने की कोशिश करते हैं। इस दौरान उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ता है। प्रतीक गांधी जैसे ही पाकिस्तान में राजनयिक मामलों के करीब पहुंचते हैं तो उनकी मुलाकात पाकिस्तान के आईएसआई एजेंट से होती है।

## लाइफ Style



# तमन्ना

## रोमियो में शाहिद के साथ आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शाहिद कपूर अपनी अपकमिंग फिल्म रोमियो को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म का निर्देशन विशाल भारद्वाज कर रहे हैं। फिल्म को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आई है। इस फिल्म के साथ अब तमन्ना भाटिया का नाम जुड़ गया है। अभिनेत्री इसमें अहम किरदार निभा सकती हैं।

एक्शन-थ्रिलर फिल्म में तमन्ना भाटिया अहम किरदार निभाएंगी। बताया जाता है कि यह फिल्म इसी साल रिलीज हो सकती है। इससे पहले खबरें थीं कि फिल्म में शाहिद कपूर के साथ तृप्ती डिमरी होंगी। अब इस फिल्म से तमन्ना का भी नाम जुड़ गया है। यह पहला मौका है जब शाहिद कपूर तृप्ति डिमरी के साथ किसी फिल्म में काम करेंगे। दोनों एक -दूसरे के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं। वहीं, दूसरी तरफ दावा है कि तमन्ना भाटिया ने इस फिल्म में अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। फिल्म अपने आखिरी चरण में है। बताया जाता है कि यह फिल्म विशाल भारद्वाज की अब तक की सबसे बड़ी कमर्शियल फिल्म है। फिल्म में शाहिद ऐसा किरदार निभा रहे हैं जिनके कई रंग हैं। दिशा पाटनी भी इस फिल्म का हिस्सा होंगी। विशाल भारद्वाज 7 खून माफ, हैदर, कमीने, पटाखा और खुफिया जैसी फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं। फिल्म के निर्माता साजिद नाडियाडवाला है। फिल्म रोमियो का नाम पहले अर्जुन उस्तरा था। बताया यह भी जाता है कि रिलीज से पहले फिल्म का जोर-शोर से प्रचार किया जाएगा। फिल्म का पोस्टर सितंबर के अंत तक आएगा।

## हॉलीवुड मसाला



# मीट द पैरेंट्स का करेंगे चौथा पार्ट

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर रॉबर्ट डी नीरो 81 साल के होने के बावजूद भी फिल्मों में सक्रिय है। जल्द ही वह फिल्म मीट द पैरेंट्स के चौथे पार्ट में नजर आएंगे। साल 2000 में रिलीज हुई इस फिल्म में भी उन्होंने ही लीड रोल निभाया था। रॉबर्ट डी नीरो की नई फिल्म का टाइटल भी बदला गया है। रॉबर्ट डी नीरो और बेन स्टिलर स्टारर मीट द पैरेंट्स फ्रैंचाइज की चौथी फिल्म का टाइटल 'फॉकर इन-लॉ'रखा गया है। इस फिल्म का डायरेक्शन जॉन हैम्बर्ग ने किया है। जॉन ने ही पहली तीन फिल्मों की राइटिंग में भी बतौर को-राइटर काम किया था।



# किसी के दांत तो किसी के पैर पर है कॉपीराइट

**लॉस एंजिल्स।** ग्लैमर की दुनिया में दिखावा आम है, जहां सुंदरता बनाए रखने के लिए सर्जरी का सहारा लिया जाता है। कई हॉलीवुड सितारों ने अपने शरीर के अंगों का बीमा कराया है। प्रियंका चोपड़ा ने अपनी मुस्कान, जेनिफर लोपेज और किम कार्दशियन ने अपने बट का बीमा कराया है। मॉडल हेइडी क्लम ने कथित तौर पर अपने पैरों का 2.2 मिलियन डॉलर का बीमा कराया है। यानी अगर कोई उनके जैसी टांगें पाने की कोशिश करेगा तो उसे ये कीमत चुकानी होगी। हॉलीवुड स्टार किम कार्दशियन ने भी अपने बट का 21 मिलियन डॉलर का बीमा कराया था। मशहूर पॉप स्टार रिहाना ने भी अपने पैरों का बीमा कराया है। उन्हें 'लेग्स ऑफ गॉडेस' का अवॉर्ड भई मिला था। उन्होंने 1 मिलियन डॉलर का इंश्योरेंस कराया है।



# एसएसएमबी 29 की शूटिंग के लिए लौटीं भारत

**मुंबई।** बॉलीवुड और हॉलीवुड फिल्मों में अपनी अदाकारी से सभी के दिलों पर राज करने वाली एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा अपनी बेटी मालती के साथ भारत लौट आई हैं। सोमवार सुबह उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल की स्टोरी पर अपनी बेटी मालती की प्यारी तस्वीरें शेयर कर फैंस को सरप्राइज कर दिया है। कथित तौर पर प्रियंका एसएसएमबी 29 की शूटिंग के लिए हैदराबाद आई हैं। प्रियंका ने आज सुबह सोमवार को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर दो शानदार तस्वीरें शेयर कीं, जो हैदराबाद की हैं। एक तस्वीर में मालती कार की खिड़की से बाहर देख रही हैं। तो वहीं दूसरी तस्वीर में मालती के नन्हें पैर दिखाई दे रहे हैं। प्रियंका ने इस पोस्ट के साथ हैदराबाद पहुंचने की बात कही और कैप्शन में लिखा, 'मां और मालती।' एक और तस्वीर में प्रियंका ने लिखा, 'हैदराबाद हमने कर लिया।'



# एआई की मदद से बनाई रामायण सीरीज

**नई दिल्ली।** रामायण पर इतने टीवी शोज, फिल्में और एनिमेटेड फिल्में बन चुकी हैं, जिनका कोई हिसाब नहीं है। इतना ही नहीं, इस पर लगातार फिल्में बन भी रही हैं। इन दिनों मशहूर बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर भी रामायणम् नाम की फिल्म के लिए लगातार काम कर रहे हैं, जो दो पार्ट में रिलीज होने वाली है। इसका पहला पार्ट अगले साल और दूसरी पार्ट 2027 में रिलीज किया जाएगा। इसी बीच, 'रामायण' जल्द आने वाली एक सीरीज का ट्रेलर भी रिलीज हो चुका है, जो एआई की मदद से बनाई गई है और समस्या ये हो गई कि बहुत से लोगों ने इसे रणबीर की 'रामायणम' का ट्रेलर समझ लिया, जबकि सीरीज 'रामायण'के मेकर्स ने ट्रेलर के साथ कैप्शन में क्लियर कर दिया है कि ये उनकी अपनी ऑरिजनल सीरीज है, जिसे एआई द्वारा तैयार किया गया है।

## टीवी मसाला

# बिग बॉस में हो सकती है तारक मेहता की एंट्री

**नई दिल्ली।** रियलिटी टीवी शो बिग बॉस 19 के लिए शैलेश लोढ़ा को अप्रोच किए जाने की खबर है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' धारावाहिक के साथ सालों तक जुड़े रहे शैलेश का सीरियल से कॉन्ट्रोवर्शियल एग्जिट हुआ था। शैलेश लोढ़ा का अचानक शो से हटना काफी चर्चा में रहा था जिसके बाद में एक्टर ने इस बारे में खुलकर अपनी राय भी रखी। इससे पहले इस तरह अचानक शो से हटाए गए कुछ अन्य एक्टर्स को भी बिग बॉस में जगह मिल चुकी है। लेकिन क्या शैलेश लोढ़ा सलमान खान होस्टेड रियलिटी शो में आने के लिए हामी भरेंगे? माना जा रहा है कि इस तरह के शो में उनकी खास रुचि नहीं है, लेकिन फिर भी मेकर्स अभी उनकी हां या फिर ना का इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में सोढ़ी का किरदार निभा चुके गुरुचरण सिंह को बिग बॉस हाउस में लाने की खबर आई थी। मालूम हो कि बिग बॉस का यहां यह 19वां सीजन है, तो उस हिसाब से मेकर्स ने शो में काफी सारे नए बदलाव भी किए हैं जिनमें इस बार शो में रखी जा रही राजनीति वाली थीम भी शामिल है, देखना होगा कि पब्लिक का इसे कैसा रिस्पॉन्स मिलता है।



# 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में पक्की हुई इन 2 एक्टर्स की जगह

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' में अहम किरदार निभा रहे एक्टर हितेन तेजवानी और ऋतु चौधरी को शो की परमानेंट कास्ट बना दिया गया है। शो में हितेन तेजवानी तुलसी के बेटे करण विरानी का किरदार निभाते हैं और गौरी प्रधान तुलसी की बहू नंदिनी का किरदार निभाती हैं। इसके अलावा ऋतु चौधरी को शो में शोभा का किरदार दिया गया है। पिछले दिनों जब शो में करण और नंदिनी को विदेश जाने वाला प्लॉट आया तो ऐसा माना जाने लगा कि शो से इन किरदारों को हटाया जा रहा है। अब एक ताजा जानकारी में ऐसा सामने आया है कि हितेन तेजवानी, गौरी प्रधान और ऋतु चौधरी के किरदार की शो में जगह पक्की कर दी गई है। बता दें कि करण, नंदिनी और शोभा तीनों ही शो के कुछ सबसे पॉपुलर किरदारों में गिने जाते हैं। शो का दूसरा सीजन शुरू हुआ है तो इसमें भी तीनों एक्टर्स को काफी पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहा है।



# सैयारा की 300 करोड़ी क्लब में हुई एंट्री...

**मुंबई।** अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म सैयारा ने 300 करोड़ी क्लब में एंट्री ले ली है। यह कारनामा फिल्म ने सोमवार को 18वें दिन कर दिखाया है। फिल्म विदेशों में भी धमाल कर रही है और वर्ल्डवाइड यह 400 करोड़ी क्लब का हिस्सा बन चुकी है। वहीं, भारतीय बॉक्स ऑफिस पर यह 300 करोड़ी फिल्मों वाली लिस्ट में नाम दर्ज करा चुकी है। फिल्म सैयारा ने रविवार को 17वें दिन आठ करोड़ रुपए का कारोबार किया था। फिल्म का इंडिया नेट कलेक्शन 300.11 करोड़ रुपए हो गया है। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म सैयारा 300 करोड़ी कुनबे में शामिल होने वाली ऐसी पहली फिल्म है, जिसमें नए सितारे हैं। वहीं, यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी यह पांचवी फिल्म है, जो 300 करोड़ी बनी है। सबसे तेज 300 करोड़ कमाने के मामले में फिल्म सैयारा ने वॉर, बजरंगी भाईजान और सुल्तान जैसी फिल्मों को धूल चटा दी है। वॉर ने 19 दिन में 300 करोड़ रुपए कमाए थे। वहीं, बजरंगी भाईजान ने 20 दिनों में और सुल्तान ने 35 दिनों में यह कारनामा कर दिखाया था।



# 21वीं सदी की 100 बेहतरीन फिल्मों की सूची में पैरासाइट नंबर एक पर

**नई दिल्ली।** हाल ही में 21वीं सदी (2000 के बाद) की सबसे बेहतरीन 100 फिल्मों की सूची जारी की गई है, जिसमें दुनियाभर के 500 से अधिक निर्देशकों, कलाकारों और क्रिटिक्स ने अपनी पसंदीदा फिल्मों को वोट किया। इस सर्वे में दुनियाभर के लोगों की पसंद, सिनेमा लवर्स और फिल्म मेकर्स के नजरिए को शामिल किया गया। इस सूची में ज्यादातर हॉलीवुड की फिल्में शामिल हैं।

*पहले नंबर पर है पैरासाइट :* इस सदी की 100 बेहतरीन फिल्मों की लिस्ट में 1 जनवरी, 2000 के बाद से रिलीज हुई फिल्में शामिल हैं। इसमें कई ऑस्कर विनिंग फिल्में भी शामिल हैं। इस लिस्ट की टॉप पर सबसे ऊपर है पैरासाइट, जो साल 2019 में आई थी। बोंग जू एन की यह फिल्म गरीबी, वर्गीय विभाजन और सामाजिक संरचना पर तीखे व्यंग्य के जरिए कहानी कहती है। अमेरिकी इंडस्ट्री इसे 21वीं सदी की अब तक की सबसे प्रभावशाली फिल्म मानती है।



### टॉप पांच में शामिल रहीं ये फिल्में

अब अगर इस लिस्ट की टॉप 10 फिल्मों की बात करें तो, नंबर 1 पर पैरासाइट, फिर – डेविड लिंच की स्यूरेल थ्रिलर मूलोलैंड ड्राइव जो साल 2001 में रिलीज हुई थी। तीसरे स्थान पर साल 2007 में आई फिल्म- थेर विल बी ब्लड है जिसको पॉल थॉमस एंडरसन ने डायरेक्ट किया है। अगले नंबर पर फिल्म इन द मूड फॉर लव- वोंग कर-वाइ की शांति भरी प्रेम कहानी है। पांचवें स्थान पर साल 2016 की फिल्म मूनलाइट है।

### टॉप 10 में शामिल रहीं ये फिल्में

अब सातवें, आठवें और आखिरी दो फिल्मों की बात करें तो लिस्ट में बूढ़ों के लिए कोई देश नहीं (2007), धुंधले दिमाग का शाश्वत प्रकाश (2004), गेट आउट (2017), स्पिरिटेड अवे (2001) – मियाजाकी की एनीमेशन मास्टपिस, द सोशल नेटवर्क (2010) टॉप 10 में अपनी जगह बनाने में सफल रही हैं। नंबर 1 पर काबिज फिल्म पैरासाइट को न केवल क्रीटिक्स ने सराहा है, बल्कि रोटेन टोमेटोज पर इसे 97% सकारात्मक रिव्यू मिले हैं और यह फिल्म ने कुल 4 ऑस्कर (बेस्ट पिक्चर सहित) जीत चुकी है।


## देश की सुरक्षा के लिए एक अंडर कवर एजेंट के रूप में करती है काम

# इन फिल्मों में दिखाया गया कामकाजी महिलाओं का संघर्ष

***नई दिल्ली।** कामकाजी महिलाओं की मेहनत, समर्पण और पेशेवर कामयाबियों को मान्यता देने के लिए पूरी दुनिया में 'सिंगल वर्किंग वुमेन डे' मनाया जाता है। बॉलीवुड ने इस विषय को प्रमुखता से कवर किया है। बॉलीवुड की कई फिल्में हैं जो कामकाजी महिलाओं की कहानी दिखाती हैं।*

**तुम्हारी सुलु :** साल 2017 में रिलीज हुई फिल्म 'तुम्हारी सुलु' में एक ऐसी महिला की कहानी दिखाई गई है, जो रेडियो जॉकी होती है। इस किरदार को विद्या बालन ने निभाया है। वह एक महत्वाकांक्षी गृहणी होती हैं, जो रात को प्रसारित होने वाले रिलेशनशिप सलाह शो में लोगों को सलाह देती हैं। फिल्म का निर्देशन सुरेश त्रिवेणी ने किया था। इस फिल्म को दुनियाभर में खूब सराहना मिली।

**नाम शबाना :** साल 2017 में रिलीज हुई फिल्म 'नाम शबाना' में एक ऐसी महिला की कहानी दिखाई गई है जो देश की सुरक्षा के लिए एक अंडर कवर एजेंट के रूप में काम करती है। इस किरदार को तापसी पन्नू ने निभाया है। तापसी पहले अपने साथ हुए अत्याचार करने वालों से बदला लेती हैं, उसके बाद देश के लिए काम करती हैं। शिवम नायर के निर्देशन में बनी यह फिल्म हिट रही थी।



***मर्दानी** : साल 2014 में रिलीज हुई फिल्म 'मर्दानी' में एक महिला पुलिस अधिकारी की कहानी दिखाई गई है जो अपना काम पूरी मेहनत और लगन से करती हैं। इस किरदार को रानी मुखर्जी ने निभाया है। रानी मुखर्जी एक अपहत किशोरी की तलाश करती हैं। इस दौरान वह मानव तस्करी के रहस्यों को उजागर करती हैं। फिल्म का निर्देशन प्रदीप सरकार ने किया है। 16 करोड़ की लागत में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 57 करोड़ रुपएकमाए थे।*

**कहानी :** फिल्म 'कहानी (2012)' में एक ऐसी महिला की कहानी दिखाई गई है, जिसके पति को कुछ अपराधी जान से मार देते हैं। इस किरदार को विद्या बालन ने निभाया है। विद्या बालन कोलकाता में आती हैं और अपने पति के अपराधियों को ढूंढ कर उनसे बदला लेती हैं। यह एक तरह से उनका काम है। सुजॉय घोष के निर्देशन में बनी इस फिल्म को काफी सराहा गया। 8 करोड़ की लागत में बनी इस फिल्म ने 1.04 अरब रुपए कमाए।

**थप्पड़ :** फिल्म 'थप्पड़ (2020)' में एक ऐसी महिला की कहानी दिखाई गई है जो पढ़ी-लिखी होती है। वह ऑफिस में काम करने के बजाय घर में काम करना चुनती है। हालांकि, एक दिन जब उनका पति उनको थप्पड़ मार देता है तो तब कहानी बदल जाती है। फिल्म में तापसी पन्नू ने बहुत अच्छा किरदार निभाया है। तापसी पन्नू चाहती हैं कि उनके काम को अहमियत दी जाए, उन्हें इज्जत दी जाए। लेकिन, उनके पति उन्हें घर में काम करने वाली एक अदना सी औरत से ज्यादा नहीं समझते हैं। हालांकि, फिल्म के आखिर में उनका पति उनके काम को अहमियत देता है और माफी मांगता है।

## खबर संक्षेप

### बस्ती में 50 से अधिक परिवार अंधेरे में

**रायगढ़।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 32 में रहने वाले करीब 50 परिवार इन दिनों बिजली जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित हैं। संस्कार पब्लिक स्कूल में मणिकंचन केंद्र के सामने बसे इन परिवारों ने बिना बिजली के कठिन जीवन जीते हुए आखिरकार विद्युत विभाग के अधिकारियों को आवेदन सौंपकर ट्रांसफार्मर की स्थापना की मांग की है। स्थानीय निवासी हेतराम कोसले एवं अन्य निवासियों द्वारा सौंपे गए आवेदन में उल्लेख किया गया है कि इस क्षेत्र में न तो अब तक बिजली लाइन बिछाई गई है और न ही कोई ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। जिससे पीने का पानीए पंखाए लाइटए मोबाइल चार्जिंग जैसी मूलभूत जरूरतें पूरी नहीं हो पा रही हैं। आवेदन में बताया गया है कि गर्मी और बरसात दोनों मौसमों में बिजली की अनुपलब्धता ने परेशानी बढ़ा दी है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि नगर निगम एवं बिजली विभाग इस बस्ती की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण कर शीघ्र ट्रांसफार्मर स्थापित कराएं ताकि उन्हें राहत मिल सके।

### सर्च अभियान चला कर 13 वारंटी को किया गिरफ्तार

**अकलतरा।** क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए अकलतरा पुलिस के द्वारा असामाजिक तत्वों एवं फरार वारंटियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए 13 वारंटीयों को गिरफ्तार किया गया। बीते रात्रि से रविवार की सुबह तक असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण हेतु पुलिस द्वारा क्षेत्र में विशेष सर्च अभियान चलाया गया। पुलिस टीमों द्वार चिन्हित स्थानों पर रात्रिकालीन गस्त एवं दबिश दी गई, जिसमें अलग अलग जगहों से 13 फरार वारंटियों को पकड़ने में सफलता मिली। थाना प्रभारी भास्कर शर्मा ने बताया कि क्षेत्र के निगरानी, गुण्डा, बदमाशों का उनके गतिविधियों में नजर रखने के लिए जिला स्तर पर विशेष सर्च अभियान चलाया जा रहा है साथ ही क्षेत्र में शांती व्यवस्था बनायें रखने हेतु निगरानीशुदा लोगों को हिदायत भी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि लगातार अपराधों में संलिप्त रहने , मारपीट व गुण्डागर्दी की शिकायत वाले बदमाशो सहित निगरानी बदमाश एवं गुण्डा बदमाशों की सूची में शामिल किए जाने की प्रक्रिया पुलिस द्वारा की जा रही है।

### पेट्रोल पंप से 10 हजार स्वाइप मशीन की चोरी

**रायगढ़।** बरमकेला थाना क्षेत्र के कुम्हारी गांव में स्थित शुभम फ्यूल्स में पेट्रोल डलवाने के बाद मोबाइल चार्ज करने के बहाने दो अज्ञात युवक स्टाफ रूप में घुसे। इसके बाद वहां से नकदी 10 हजार रुपए व स्वाइप मशीन को पार कर रफू चक्कर हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। जानकारी के अनुसार शुभम पटेल पिता पुरुषोत्तम पटेल कुम्हारी का रहने वाला है। उसके नाम पर शुभम फयुल्स पंप ग्राम कुम्हारी में ही स्थित हैं। शाम करीब 5 बजे दो अज्ञात युवक यहां पेट्रोल डलवाने आए। इसके बाद दोनों पेट्रोल पंप के स्टाफ रूम में मोबाइल चार्ज करने के लिए घुसे। जहां दोनों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। अज्ञात आरोपियों की हरकत वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

### स्तनपान के महत्व के बारे में दी गई जानकारी

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गांधीनगर रायगढ़ में शिशु सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बी.पी. पटेल ने कहा कि स्तनपान शिशु के पोषण की पहली और सबसे सशक्त कड़ी है, जो न केवल शिशु को कुपोषण से बचाता है, बल्कि उसे कई रोगों से भी प्रतिरक्षित करता है। उन्होंने कहा कि नवजात को जन्म के पहले घंटे में स्तनपान कराना आवश्यक है, जिससे शिशु को कोलेस्ट्रम नामक पहला गाढ़ा दूध मिल सके, जो उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ.जी.एस.पैकरा ने बताया कि माँ का दूध बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए सर्वोत्तम आहार है।

## बरमकेला से शुरू हुआ ट्रेंड अब जिलेभर में फैला, शिक्षक बन रहे मार्केटिंग एजेंट

# शिक्षा छोड़ नेटवर्किंग की राह, बढ़ती लत पर शिक्षा विभाग में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के शिक्षा विभाग में एक बार फिर चिंताजनक स्थिति सामने आई है, जहां कई शिक्षक शासकीय सेवा में रहते हुए हर्बल लाइफ और अन्य नेटवर्क मार्केटिंग कंपनियों से जुड़कर अतिरिक्त आय अर्जित करने की होड़ में लगे हैं। शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए जाने के बावजूद जिले में यह गतिविधि लगातार जारी है, जिससे न केवल शिक्षक की गरिमा प्रभावित हो रही है, बल्कि विभाग की साख पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

खास बात यह है कि कई मामलों में पति पत्नी दोनों शिक्षक इस कार्य में शामिल हैं। कहीं पति ने नौकरी छोड़ दी और पूरी तरह से नेटवर्क मार्केटिंग में उतर गया, वहीं पत्नी अब भी शिक्षिका की भूमिका में रहकर सेमिनार, वेबिनार और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर सक्रिय बनी हुई है। जिले में इस नेटवर्किंग गतिविधि की व्यापक शुरुआत बरमकेला विकासखंड के डोंगीपानी शासकीय विद्यालय से हुई। यहां पदस्थ शिक्षक शशि बैरागी पहले ऐसे नाम थे जिन्होंने इसे सार्वजनिक रूप से अपनाया। शुरुआत में उनके विद्यालय के बच्चे फर्राटेदार अंग्रेजी बोलने के लिए पहचाने गए और उन्हें कई मंचों पर सम्मानित किया गया, लेकिन धीरे-धीरे वे विद्यालय से गायब रहने लगे। विभागीय नोटिसों के बावजूद उन्होंने जवाब नहीं दिया। अंततः उन्हें निलंबित किया गया। बाद में शशि बैरागी ने दावा किया कि निलंबन से पहले ही वे त्यागपत्र दे चुके थे।




### लाइफस्टाइल दिखावा बना आकर्षण का केंद्र

शिक्षकों में नेटवर्क मार्केटिंग की बढ़ती रुचि के पीछे सबसे बड़ा कारण है लक्जरी लाइफस्टाइल का दिखावा। इस व्यवसाय में सक्रिय लोगों को महंगी गाड़ियां, विदेशी दौरे और अधिक आमदनी के सपने दिखाए जाते हैं, जिससे युवा शिक्षक और शिक्षकाएं इस ओर आकर्षित हो रहे हैं। सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर चलने वाले प्रचार इस प्रवृत्ति को और हवा दे रहे हैं।

### अन्य विभाग भी नहीं बचे अछूते

शिक्षा विभाग के साथ साथ अन्य शासकीय विभागों में भी यह लत पहुंच चुकी है। सूत्रों के अनुसार पुलिस विभाग के एक कर्मचारी ने भी अपनी नौकरी छोड़कर नेटवर्क मार्केटिंग को अपना लिया है जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह समस्या सिर्फ एक विभाग तक सीमित नहीं रह गई है। यह मामला अब पूरे जिले में चर्चा का विषय बन गया है। देखना होगा कि शासन प्रशासन शिक्षकों की इस नई रुचि को किस तरह नियंत्रित करता है और शिक्षा व्यवस्था की गरिमा को बनाए रखने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

### विभागीय जिम्मेदार बोले, मिले हैं इनपुट, होगी कार्रवाई

इस विषय में जब बरमकेला बीईओ नरेंद्र कुमार जांगड़े से बात की गई तो उन्होंने बताया कि संकुल समन्वयकों से इस संबंध में जानकारी मांगी गई थी, लेकिन अधिकतर ने कोई जानकारी नहीं बताकर जवाब दिया। जांच के बाद यदि कोई शिक्षक दोषी पाया गया तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया।

सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों से विस्तृत जानकारी मांगी गई है। रिपोर्ट मिलने के बाद ही सटीक आंकड़े और कार्रवाई की दिशा तय की जा सकेगी।

**जे आर डहरिया, जिला शिक्षा अधिकारी**



## हरिभूमि की खबर के बाद जागा प्रशासन वार्डों में रोज कराई जा रही है फॉगिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- सुबह और शाम 4-4 वार्डो में कर रहे धुआं, फीडबैक भी ले रहे अधिकारी

हरिभूमि में पिछले दिनों डेंगू की भयावह स्थिति पर प्रकाशित खबर के बाद नगर निगम पूरी तरह सतर्क हो गया है। नगर निगम द्वारा फॉगिंग को एक अभियान की तरह चलाया जा रहा है। यह न केवल निगम और स्वास्थ्य विभाग के लिए राहत की खबर है, बल्कि आम जनता की जागरूकता और प्रशासन की तत्परता का प्रमाण भी है।

बारिश के बाद नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास की संयुक्त टीमें वार्डों में सक्रिय कर दी गईं। सफाई दरोगा, सुपरवाइजर, मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की टीम ने वार्डवार घर-घर जाकर डेंगू से बचाव के उपाय बताए, पानी जमा न होने देने के लिए चेताया और फील्ड मॉनिटरिंग शुरू की। निगम द्वारा सोमवार से शनिवार तक हर दिन 8 वार्डों में फॉगिंग की जा रही है। सुबह 4 वार्ड और शाम 4 वार्ड। तय रोस्टर के अनुसार यह कार्य बिना रुके चल रहा है। फॉगिंग के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों से नाम, मोबाइल नंबर और हस्ताक्षर सहित फीडबैक भी लिया जा रहा है।

## कटाईपाली सी विद्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण

**रायगढ़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटाईपाली सी में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और वृक्षों की महत्ता को रेखांकित करते हुए एक पेड़ मां के नाम योजना के अंतर्गत द्रौपदी रामदास फाउंडेशन के सहयोग से पौधरोपण महाअभियान का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर फाउंडेशन के नर्सरी हेड श्री राम यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए संस्था लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि माताओंए बच्चों और शिक्षकों की उत्साही सहभागिता इस अभियान को विशेष बनाती है। श्री यादव ने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी यदि कोई अपने विशेष अवसर पर पौधा लगाना चाहेए तो फाउंडेशन पेड़ उपलब्ध कराएगा। विद्यालय के प्राचार्य श्री राजीव गुप्ता ने दूरस्थ अंचल में आकर सहयोग करने हेतु फाउंडेशन का आभार जताया और विशेष रूप से उपस्थित माताओं को इस अभियान को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया।कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ, छात्र-छात्राएं सीएससी प्रभारी भुनेश्वर पटेल, फाउंडेशन के सदस्य और ग्राम की माताएं उपस्थित रहीं। यह आयोजन पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जनसहभागिता का एक प्रभावशाली उदाहरण बना।

## सड़कों पर घुमंतू मवेशियों पर प्रशासन का रुख सख्त

**जशपुरनगर।** जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन मंगलवार को कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में किया गया।

इस बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह, एडीएम प्रदीप कुमार साहू, एएसपी अनिल सोनी, सभी एसडीएम, एसडीओपी सहित स्वास्थ्य विभाग, आबकारी विभाग, पुलिस विभाग, यातायात विभाग, परिवहन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। इस बैठक में कलेक्टर ने सड़कों पर घुमंतू मवेशियों के कारण किसी अप्रिय घटना की संभावना पर संज्ञान लेते हुए आवारा पशुओं के विरूद्ध विशेष अभियान चलाने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। जिसके तहत उन्होंने सभी नगरीय निकायों में सड़कों पर आवारा पशुओं को पकड़ने अभियान चलाने को कहा। उन्होंने



अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

सभी एसडीएमों को राष्ट्रीय राजमार्ग एवं मुख्य मार्गो के किनारे बसे ग्रामों के सरपंचों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर 07 दिवस के भीतर मवेशियों को सड़कों से हटाने हेतु निर्देश देने को कहा। उन्होंने कहा कि यदि पशुपालक पशुओं को सड़कों से नहीं हटाते तो उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाए। उन्होंने मवेशियों के विरूद्ध अभियान हेतु अधिकारियों से तैयारियों की भी जानकारी ली। जिले में यातायात नियमों के उल्लंघन पर की गई कार्रवाई की जानकारी लेते हुए उन्होंने बार बार नियम तोड़ने वालों के विरुद्ध नियमानुसार लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिले में अधिक से अधिक लोगों का ड्राइविंग लाइसेंस निर्माण हेतु कलेक्टर ने लर्निंग लाइसेंस निर्माण हेतु निरंतर कॉलेजों, स्कूलों, हाट-बाजारों आदि जगहों में तिथि निर्धारित कर शिविरों का आयोजन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने एक माह के भीतर सभी कॉलेजों में लर्निंग लाइसेंस शिविर लगाने को कहा। इसके अतिरिक्त गाड़ी से शिक्षण संस्थान आने वाले विद्यार्थियों के लाइसेंस की जांच कर लाइसेंस ना होने पर गाड़ी सीज़ करने को कहा। कलेक्टर ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को ओवरलोडिंग एवं ओवर स्पीडिंग करने वाली गाड़ियों के विरुद्ध कार्यवाही करने को कहा सड़क सुरक्षा हेतु बच्चों को जागरूक करने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा संचालित 'सड़क सुरक्षा- जीवन रक्षा' अभियान में सहयोग हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

## राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत दी जा रही मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं

- जीवन कौशल एवं आत्महत्या की रोकथाम विषय पर कार्यशाला

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जीएस. जात्रा और राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत कार्यरत मनोवैज्ञनिक डॉ.खान अबरार उज्जमां खान, साईकेट्रिक नर्स विवेक कुजूर,सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती प्रिया सोनी द्वारा जिले में उन्नत मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही है।

जिले के विभिन्न विकासखंडों के चिन्हांकित 12 उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में 28 जुलाई से 25 अगस्त 2025 तक विद्यार्थियों को जीवन कौशल एवं आत्महत्या रोकथाम विषय पर कार्यशाला के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। इस कड़ी में 28 जुलाई 2025 को स्वामी आत्मानंद उ.मा.वि. हिन्दी माध्यम, कुनकुरी, 31 जुलाई को स्वामी आत्मानंद उ.मा.वि. हिन्दी माध्यम, दुलदुला एवं विगत दिवस 4 अगस्त को 2025 स्वामी आत्मानंद उ.मा.वि. हिन्दी माध्यम, कांसाबेल में जीवन कौशल एवं आत्महत्या रोकथाम विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें चर्चा मे मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों ने बताया कि जीवन कौशल कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को समस्याओं का समाधान करने, प्रभावी ढंग से संवाद करने, सहयोग करने के साथ-साथ जीवन की चुनौतियों का सामना करने में ना सिर्फ सक्षम बनाना है वरन कार्यशाला के माध्यम से बच्चों में आलोचनात्मक सोच, संचार, सहयोग, आत्म जागरूकता, समय प्रबंधन आदि गुणो को विकास करना भी है। आत्महत्या रोकथाम के लिए साक्ष्य और समुदाय आधारित दृष्टिकोण के रूप में गेटकीपर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें आत्महत्या के बारे में सोच रहे व्यक्तियों की पहचान करना, उनका आकलन करना, उन्हें सहायता प्रदान करना, उनका संदर्भ देना और अनुवर्ती कार्यवाई करना (आत्महत्या कारित व्यक्ति द्वारा पुनः घटना कारित न कि जाये हेतु उचित कार्यवाई) एवं आत्महत्या के बारे में सोच रहे लोगों का समर्थन करते हुए आत्म-देखभाल तकनीकों का अभ्यास कराया गया।

## जब खिलखिलाए अपनों के साथ तो लम्हा भी हुआ हसीन

**रायगढ़।** सामाजिक संस्था लॉयंस क्लब मिडटाउन के सभी सदस्यगण हमेशा सामाजिक जनहित के कार्यो को नव रुप देते हैं। जिसका लाभ समाज के हर वर्ग के लोगों को समयानुसार मिलता है। वहीं कुछ आयोजन क्लब के सदस्यगण अपनी फैमिली के साथ मिलकर अपनी जिंदगी के पल को यादगार बनाने में कोई कमी नहीं करते। कुछ यूँ ही क्लब के सदस्यों ने विगत दिवस फ्रेंड्स डे के अवसर पर सभी सदस्यों ने शहर के आरके मॉल में यादगार फैमिली मीट का आयोजन क्लब अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल ओमी के विशेष मार्गदर्शन में किया। जिसमें क्लब के 35 फैमिली सदस्यों ने भाग लिया।

फिल्म का लिए आनंद अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल ओमी ने बताया कि यह कार्यक्रम बेहद ही पारिवारिक माहौल में किया गया। जिसमें क्लब के सभी सदस्यगण अपने पूरे परिवार के साथ बड़ी खुशी से शामिल हुए। वहीं इस कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी ने आरके मॉल में सन ऑफ सरदार फिल्म का एक साथ मिलकर आनंद लिए और यह आयोजन बहुत ही सफल रहा। वहीं लॉयंस फैमिली मीट के इस कार्यक्रम में सभी की उपस्थिति ने इसे और भी खास बना दिया। इसी तरह सभी सदस्यों की भागीदारी और सहयोग के लिए हम सभी सदस्यों के प्रति विशेष आभारी हैं। हमें उम्मीद है कि भविष्य में भी सभी सदस्यों का साथ मिलेगा और हम साथ में और भी अच्छे प्रोग्राम आयोजित कर सकेंगे।



### बच्चों की खुशियां देखते बनी

लॉयंस फैमिली मीट का आयोजन होने से अपने परिजन के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए बच्चों की खुशी देखते ही बन रही थी। वहीं इस कार्यक्रम के माध्यम से उनको समाज के अपने से बड़ों के साथ मिलने . जुलने का पारिवारिक माहौल में सभ्य संस्कार तो मिला ही साथ ही उन्होंने भी कार्यक्रम का भरपूर आनंद लेते हुए बेहद खुद नजर आए।

### लॉयंस फैमिली ने लिए सेल्फी

फैमिली मीट कार्यक्रम के पश्चात सभी सदस्यों ने अपने परिजनों के साथ आयोजन को यादगार बनाने के लिए जमकर सेल्फी लिए। इसके पश्चात सभी ने मिलकर हाईटी का आनंद लिया। लॉयंस फैमिली मीट के आयोजन को सफल बनाने में क्लब अध्यक्ष लॉयन ओमप्रकाश अग्रवाल ओमी, सचिव लॉयन अमित मोदी, कोषाध्यक्ष लॉयन बृजमोहन अग्रवाल सहित सभी क्लब के सदस्यों व फैमिली सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।



## बोलबम पदयात्रा में गूंजा हर-हर महादेव

- खरौद में लक्ष्मणेश्वर महादेव के किए दर्शन

**बिलाईगढ़।** बोलबम कावरिया संघ एवं विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल बिलाईगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में भव्य बोलबम पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह धार्मिक यात्रा बिलाईगढ़ से शुरू होकर छत्तीसगढ़ की काशी कहे जाने वाले खरौद स्थित लक्ष्मणेश्वर महादेव मंदिर तक पहुँची।

यात्रा की शुरुआत डीजे और ढोल-ताशों की भक्तिमय धुनों के साथ हुई, जिसमें महादेव की जयकारों से माहौल गूंज उठा। रातभर चली इस पदयात्रा में शिवरीनारायण से कांवड़ियों ने पवित्र जल लेकर आगे की यात्रा प्रारंभ की और अंत में खरौद पहुंचकर लक्ष्मणेश्वर महादेव के दर्शन किए। वहीं यात्रा का समापन हुआ। इस भव्य आयोजन में विहिप अध्यक्ष नरेंद्र देवांगन, शुभम पांडे, गीताराम पटेल, प्रतीक श्रीवास, आदर्श दुबे, भूपेंद्र देवांगन, दुर्गेश केवट, सत्येंद्र देवांगन समेत अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे। बोलबम यात्रियों का कारवां बांसुरकुली, टाडापारा, गोविंदबन, छर्रा, टुंड्री सहित कई गाँवों से होते हुए निकला, जिसमें सैकड़ों शिवभक्तों ने भाग लिया। श्रद्धा और उत्साह से भरी इस यात्रा में हर हर महादेव के जयघोष के साथ भक्ति की मिसाल देखने को मिली।

## समय सीमा की बैठक में कलेक्टर सख्त, दी गई चेतावनी

# सड़कों से हटाएं मवेशी, प्रमाण-पत्र में न हो छात्रों को परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों पर घूमते मवेशियों के कारण दुर्घटना की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए ठोस कार्ययोजना बनाई जाए।

उन्होंने सभी एसडीएम और जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य सड़कों से मवेशियों को हटाकर सुरक्षित स्थानों में रखने की कार्रवाई नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों के सहयोग से करें। कलेक्टर ने निर्माणाधीन पुल पुलिया भवन व अन्य परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता और समय सीमा का सख्ती से



पालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सभी निर्माण कार्यों की प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने और स्वीकृत कार्यों के शीघ्र टेंडर निकालने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण हेतु चिन्हांकित कर उन्हें कंपनियों से स्पॉन्सरशिप दिलाने की दिशा में ठोस प्रयास करने को कहा। मंडियों में अधोसंरचना सुधार हेतु भी शीघ्र प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नगरीय निकायों में भवन निर्माण अनुमति संबंधी सभी प्रस्तावों की विधिवत जांच और शासन की गाइडलाइन के अनुरूप कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने सभी एसडीएम और सीएमओ को ळम्ड पोर्टल की प्रक्रिया का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने, फार्मर रजिस्ट्री और आधार अपडेशन शीघ्र पूर्ण करने और 15 वर्ष पुराने वाहनों की स्क्रैपिंग प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए।

### अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों की हड़ताल को देखते हुए कलेक्टर ने छात्र-छात्राओं के आय, जाति और निवास प्रमाण-पत्र निर्माण की जिम्मेदारी भू.अभिलेख अधिकारियों को दी है। उन्होंने इस कार्य को संवेदनशीलता से करने की बात कही ताकि विद्यार्थियों को परेशानी न हो। कलेक्टर ने आयुष्मान भारत और वय वंदना कार्ड निर्माण की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई और सभी बीएमओ को कार्य में तेजी लाने को कहा। बैठक में जनदर्शन, पीजीएन पोर्टल और अन्य लंबित प्रकरणों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी, अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो, रवि राही, नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

